IFFCO
Wholly owned by Cooperatives

प्रिय मित्रो,

सर्वप्रथम मैं आप सबको नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। मेरी कामना है कि वर्ष 2015 आपके और आपके परिवार के लिए सुख-समृद्धि का पैगाम लेकर आए।

हम 2014 को एक महत्वपूर्ण वर्ष के रूप में याद करेंगे। न केवल राजनैतिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक-आर्थिक दृष्टि से भी यह वर्ष काफी परिवर्तन भरा रहा। वर्षों बाद देश में एक मजबूत जनादेश के साथ नई सरकार का गठन हुआ है। इस बदलाव से करोड़ों देशवासियों की उम्मीदों, आकांक्षाओं और अरमानों को नई ऊर्जा मिली है।

परिवर्तन का यह दौर भारत तक ही सीमित न रहकर विश्वभर में जारी रहा। पिछले कई वर्षों में जो न हुआ वह अकेले इस वर्ष घटित हुआ। एक जिम्मेदार और पेशेवर प्रबंधन वाली किसानों की सहकारी संस्था होने के नाते इफको भी वैश्विक परिवर्तन की इस गति के साथ कदम से कदम मिलाते हुए, नई सोच और नूतन विचारों के साथ प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

इसी क्रम में इफको नई सरकार द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान, जन-धन योजना और मेक इन इंडिया जैसी अभिनव योजनाओं में सहभागिता कर रही है। स्वच्छ भारत अभियान की सफलता के लिए हमने अपने कर्मचारियों और लगभग 39,000 सहकारी समितियों के साथ मिलकर भारत को स्वच्छ बनाने के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री स्वच्छता कोष में 10 करोड़ रुपये का अंशदान दिया है। साथ ही हम अपने सभी भागीदारों एवं संबधितों को भी हम इस अभियान से जुड़ने हेतु प्रेरित कर रहे हैं। देश भर में फैले अपने नेटवर्क के माध्यम से हम देश की आम जनता से यह अपील कर रहे हैं कि वे अपने बैंक खाते अवश्य खोलें। हमारी हरसंभव कोशिश है कि जो कोई भी इफको से किसी न किसी प्रकार से जुड़ा है, उसका अपना बैंक खाता हो।

इफको **'भारत में उत्पादन'** के साथ-साथ **'भारत के लिए उत्पादन'** करती है। हमें इस बात का गर्व है कि हम अपने पांच अत्याधुनिक उर्वरक संयंत्रों के माध्यम से देश के किसानों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाले उर्वरक उपलब्ध करवाते हैं। हमारे सभी व्यावसायिक निर्णय और विदेशी अधिग्रहण **'भारत में उत्पादन'** तथा **'भारत के लिए उत्पादन'** की भावना को ध्यान में रखकर किये जाते हैं।

इंटरनेशनल कोआपरेटिव एलायंस (आईसीए) ने अपनी रिपोर्ट 'वर्ल्ड कोआपरेटिव मॉनिटर-2014' में इफको को दुनिया की शीर्ष 300 सहकारी समितियों में प्रथम स्थान (प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के आधार पर) दिया है।

हमारे लिए एक और खुशी की बात यह रही कि हाल ही में हुए आईसीए के वैश्विक निदेशक मंडल के प्रतिष्ठित चुनाव में इफको के निदेशक मंडल के सम्मानित सदस्य श्री आदित्य



यादव को जीत हासिल हुई। निश्चय ही उनके प्रतिनिधित्व से हमें भारतीय सहकारिता के संदेश को विश्व मंच पर पहुंचाने का अवसर मिलेगा।

इसी वर्ष इफको निदेशक मंडल के चुनाव हुए। पारदर्शिता, शांतिपूर्ण संचालन तथा महिला सदस्यों को दिये गये महत्व के कारण इस सहकारी लोकतांत्रिक आयोजन को भारतीय सहकारिता के क्षेत्र में काफी सराहना मिली।

हमने दिसम्बर, 2014 तक लगभग 56.60 लाख मी० टन उर्वरकों का उत्पादन किया। यद्यपि नीतिगत बाध्यताओं एवं छोटी-मोटी तकनीकी खामियों के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ फिर भी हम अपनी श्रेष्ठतम क्षमताओं के अनुरूप उत्पादन करने में सफल रहे।

यद्यपि हमारे पास काफी बड़ी मात्रा में इनवेंट्री थी तथा आरंभ में बाजार की स्थितियां भी अनुकूल नहीं थी, इसके बावजूद हमारी विपणन टीम लगभग 80 लाख मी० टन उर्वरकों की बिक्री दर्ज कराने में सफल रही। निश्चय ही यह पिछले साल के हमारे बिक्री आंकड़ों से बेहतर है।

मुझे यह कहते हुए हर्ष है कि हमारे वित्त विभाग की टीम के उत्कृष्ट वित्तीय एवं व्यय प्रबंधन के साथ-साथ 6000 से अधिक कर्मचारियों के प्रयासों एवं निदेशक मंडल के सदस्यों के सुयोग्य मार्गदर्शन के फलस्वरूप हम इस वर्ष 1000 करोड़ रूपये से अधिक का लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

हमारे समर्पित कर्मचारियों के बहुमूल्य प्रयासों से इस वर्ष इफको को राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक महत्वपूर्ण पुरस्कार प्राप्त हुए। हमारी उत्पादन और विपणन टीम को

एफएआई द्वारा उत्पादन, ऊर्जा बचत, पर्यावरण संरक्षण, विपणन और कृषि में सूचना प्रौद्योगिकी के प्रयोग जैसी विभिन्न श्रेणियों में 10 से अधिक पुरस्कार प्राप्त हुए।

मुझे आप सबको यह बताते हुए खुशी है कि जोर्डन की हमारी संयुक्त उद्यम परियोजना ने 860 मिलियन अमेरिकी डालर की वित्तीय व्यवस्था के साथ विधिवत उत्पादन और प्रचालन शुरू कर दिया है। बढ़े हुए लागत व्यय के कारण हमने क्यूबैक, कनाडा में यूरिया संयंत्र स्थापित करने की अपनी योजना को फिलहाल स्थगित कर दिया है। हम और हमारे संयुक्त उद्यम भागीदार इस तात्कालिक स्थगन के निर्णय से सहमत हैं और अनुकूल समय आने पर हम इस परियोजना को फिर से शुरू करेंगे। आईकेएसएल और इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस सहित हमारे अन्य संयुक्त उद्यम बाजार में अच्छा कार्यनिष्पादन कर रहे हैं।

बीते वर्ष ने हमें सिखलाया है कि हम परस्पर सहयोग, टीम भावना, ज्ञान के आदान-प्रदान और स्थितियों के अनुरूप आत्मानुकूलन के माध्यम से नवीनतम ट्रेंड और प्रौद्योगिकी को अपनाते हुए बदलते समय में अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

वर्ष 2015 हमारे लिए चुनौतियों भरा होगा जब हम साथ मिलकर अपने लिए नये लक्ष्य तय करेंगे और 'विजन-2020' पर कार्य करेंगे। मैं आप सभी से अपील करता हूं कि आप अपने सहयोगियों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने हेतु स्वयं को अद्यतन रखते हुए नई प्रौद्योगिकी खासकर सोशल मीडिया के माध्यम को अपनाएं। ऐसा करके आप अपने आसपास खुशी का माहौल बना सकते हैं।

यह वर्ष **'अन्तर्राष्ट्रीय मृदा दिवस'** के रूप में मनाया जाएगा जैसा कि संयुक्त राष्ट्र की 68वीं महासभा में घोषित किया गया है। आप सभी से मेरा अनुरोध है कि आप **'स्वस्थ जीवन हेतु स्वस्थ मिट्टी'** का नारा बुलंद करते हुए इफको के **'भूमि बचाओ अभियान'** के माध्यम से इस मिशन को समर्थन दें। आइये, हम सब मिलकर उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल को बढ़ावा देते हुए पर्यावरण का संरक्षण करें।
अन्त में मैं, अपने अध्यक्ष, श्री बी एस नकई, उपाध्यक्ष श्री एन पी पटेल तथा इफको के निदेशक मंडल के सभी सम्मानित सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने हमारा निरन्तर मार्गदर्शन किया। मैं, भारत सरकार और विशेषकर उर्वरक विभाग, कृषि और सहकारिता मंत्रालय तथा अपने संयुक्त उद्यम भागीदारों और विश्वभर में फैले हमारे एसोसिएट्स और उनकी सरकारों का आभारी हूं जिन्होंने समय-समय पर हमें अपना बहुमूल्य सहयोग और समर्थन प्रदान किया है।

मैं, भारतीय और विदेशी मीडिया, अपने आपूर्तिकर्ताओं, बैंकरों और परामर्शदाताओं के बहुमूल्य सहयोग और समर्थन के लिए उनको धन्यवाद देता हूं। मैं इफको कर्मचारी यूनियन तथा इफको अधिकारी संघ सहित, समस्त इफको परिवार के सदस्यों के प्रति भी हार्दिक धन्यवाद व्यक्त करता हूं। मैं, अपने सदस्य सहकारी समितियों, विशेषकर, विपणन महासंघों और सहकारी समितियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं क्योंकि उन्हीं के कारण हम लोग देश भर के 5 करोड़ किसानों की सेवा कर सके।

आपका


(डॉ. उदय शंकर अवस्थी)
प्रबंध निदेशक
@ drusawasthi


**वितरणः**
इफको के सभी कर्मचारी

**प्रतिलिपिः**
अध्यक्ष, इफको
उपाअध्यक्ष, इफको
इफको के सभी निदेशक
प्रबंध निदेशक, आई पी एल / आई सी एस / जिफको / आई टी जी आई / इफको कनाडा / आई के बी एल
सी ई ओ, ओमइफको / आई सी पी एल / आई के एस एल / आई के एस ई जेड / जिफको / आई एफ एफ डी सी / आई सी एस
प्रबंध निदेशक, अमेरिकाज पेट्रोगैस इंक / ग्रोमैक्स इंडस्ट्रीज?
निदेशक, के आई टी
प्रबंध ट्रस्टी इफको फाउनडेशन / आई के एस टी


IFFCO
Wholly Owned by Cooperatives
इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड
www.iffco.in , www.iffco.coop
Follow us :
iffcolive.com